# दो करोड़ 98 लाख की लागत से शवदाह गृह का होगा निर्माण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय की अनुशंसा पर सालगाझरी स्थित श्मशान घाट में 15वें वित्त आयोग के मद से 2 करोड़ 98 लाख रुपए की लागत से गैस से संचालित होनी वाली शवदाह गृह का निर्माण किया जाएगा। इस योजना का शिलान्यास विधायक सरयू राय ने जुगसलाई के विधायक श्री मंगल कालिंदी, जमशेदपुर के सांसद श्री विद्युत वरण महतो के प्रतिनिधि श्री संजीव कुमार, जमशेदपुर अक्षेस के सहायक अभियंता संजय सिंह, कनीय अभियंता नीतेश कुमार की मौजुदगी में किया। इस मौके पर विधायक सरयू राय ने कहा कि शमशान घाट में गैस से संचालित होने वाली फर्नेस स्थापित किया जाएगा, जिससे प्रदूषण फैलने का स्तर कम होगा। इसके अलावे प्रतीक्षा के लिए हॉल, शवदाह गृह के कर्मचारियों के लिए कमरा सहित अन्य सुविधा युक्त शवदाह गृह का निर्माण किया जाएगा। विधायक श्री राय ने कहा कि शवदाह गृह में इन सुविधाओं के स्थापित हो जाने से जेम्को, लक्ष्मीनगर, टेल्को, राहरगोड़ा, गोविंदपुर, परसुडीह सहित पूरे जमशेदपुर के लोगों को इसका लाभ मिल पाएगा। विधायक श्री सरयू राय ने संबोधित करते हुए बताया कि सालगाझरी शमशान घाट के आसपास के क्षेत्र को विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र जमशेदपुर अक्षेस के अंतर्गत होते हुए भी शहर से बाहर है। इस क्षेत्र का आज तक विकास नहीं हुआ। यह क्षेत्र प्रकृति से जुड़ा हुआ क्षेत्र है। इसको विकसित कर इसे बहुत ही सुंदर रूप दिया जा सकता है। क्षेत्र को पार्कनुमा रूप दिया जाएगा जहाँ लोग अपना समय व्यतित करने आएंगे और शांति की अनुभूति करेंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से विधायक जनसुविधा प्रतिनिधि हरेराम सिंह, निजी सचिव सुधीर सिंह, श्मशान घाट काली मंदिर कमिटी के प्रदीप गुहा, जिला परिषद सदस्य कविता परमार, भाजमो युवा मोर्चा के अध्यक्ष अमित शर्मा, लक्ष्मीनगर मंडल के अध्यक्ष विनोद राय, नवीन कुमार आदि मौजुद थे।

# अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**
रामनवमी के अवसर पर श्री महावीर मंडल मांडर की ओर से शिवदुर्गा मंदिर परिसर में अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीजेपी के लोकप्रिय एवं समाजसेवी नेता सन्नी टोप्पो ने समिति के सदस्यों के साथ महावीरी ध्वजा की पूजा अर्चना एवं आरती कर हनुमान चालीसा के पाठ व जयकारे के साथ निर्धारित स्थान पर स्थापित किया। कार्यक्रम में शामिल हुए 15 गांव के महावीरी अखाड़ों ने अस्त्र शस्त्र चालन के हैरतअंगेज खेल दिखा कर मुख्य अतिथि सहित कई प्रखंड के दूर दराज से प्रतियोगिता को देखने आए लोगों की जय श्री राम और जय श्री हनुमान के नारों की वाहवाही बटोरी। पहला पुरस्कार चान्हो के मां दुर्गा क्लब सोपारोम, दूसरा पुरस्कार हुस्कु क्लब तुरी टोला व तीसरा पुरस्कार एनएस नूनहु ने जीता. इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित भाजपा नेता सन्नी टोप्पो तथा विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी विनय कुमार यादव ने विजेता, उपविजेता व तीसरे स्थान पर रहे महावीरी अखाड़ों को तलवार व नगद देकर सम्मानित किया साथ ही बाकि सभी अखडेधारियों को सांत्वना पुरस्कार अतिथियों द्वारा देकर प्रोत्साहित किया गया। इससे महावीर मंडल की ओर से सन्नी टोप्पो , थाना प्रभारी विनय कुमार यादव,मुखिया प्रकाश खलखो तथा बजरंग दल के प्रवीण राय,राजकुमार सिंह को गदा देकर सम्मानित किया गया. मौके पर पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, छेदी प्रसाद साहू, शैलवाहन कुमार, बाबू पाठक,छोटू लहकार, राजेश केसरी, रमेश केसरी, प्रभात रंजन, रूपेश गुप्ता, पप्पू तिवारी एवं संजय प्रसाद सहित सैकडों स्त्री-पुरुष व बाल गोपाल मौजूद थे।

# आज खिचड़ी के प्रसाद का किया जायेगा वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
लालपुर के लोवर बर्दवान कंपाउंड स्थित देवालय मंदिर में उल्लास और भक्ति के साथ नवरात्रि पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में मंगलवार को भी मंदिर परिसर में प्रसाद का वितरण किया गया। बुधवार और गुरुवार को भी अष्टमी और नवमी के अवसर पर दोपहर में खिचड़ी का भोग लगाया जाएगा। साथ ही शाम में हलवा-पूरी और खीर के प्रसाद का भोग के बाद वितरण किया जाएगा। मंदिर समिति के सचिव चन्द्र प्रकाश झा ने बताया कि इस मंदिर में मां दुर्गा, बजरंग बली, राधा-कृष्ण और भगवान भोले नाथ की स्थापना की गई है, जहां पर पिछले 40 वर्षों से सभी त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है। इसके अलावा इस मन्दिर में सावन माह में हजारों की संख्या में भीड़ होती है और महाशिवरात्रि भी बहुत ही धूमधाम से मनाई जाती है। वहीं, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी में भी यहां गजब का उल्लास दिखता है और वर्ष में दो बार नवरात्रि पूजा होती है। जिसमें शरद और चैत्र नवरात्रि शामिल है।

### सेल द्वारा सात दिव्यांगजनों के बीच उपकरण का वितरण

# कोई दिव्यांग वंचित न रहे



**नवीन मेल संवाददाता। नामकुम**
नामकुम प्रखण्ड कार्यालय सभागार हॉल में सोमवार को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) कि ओर से दिव्यांगजन दिवस उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर पर मुख्य अतिथि में खिजरी विधायक राजेश कच्छप, सेल के सीजीएम पकंज प्रिय, डीजीएम सुब्रतो कुमार साहा, एजीएम अनिश, सीनियर मैनेजर अभिलाष पति, बीडीओ ज्ञान शंकर जायसवाल, सीओ विनोद कुमार प्रजापति, प्रमुख आशा कच्छप, रमेश पाण्डेय, वीणा देवी व रामअवतार केरकेट्टा के द्वारा सभी सात दिव्यांगजन लाभुकों के बीच मोटरसाइकिल ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, क्लच एलबों सहित अन्य समाग्री का वितरण किया गया। इस मौके पर विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि कोई भी दिव्यांगों सरकारी योजना से वंचित नहीं रहना चाहिए। क्योंकि उन्हें लोगों के हिस्सा बने रहने के लिए उनकी जरूरतों को पहुंचना सरकार दायित्व है। लेकिन इन योजनाओं को लाभुकों तक पहुंचाने वाले पदाधिकारियों जिम्मेवारी बनती है। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य में बहुत औद्योगिक प्रतिष्ठान लेकिन कुछ प्रतिष्ठान सीएसआर फंड से मदद करते है। उन्हें भी इस तरह के योजना को धरातल पर लाना चाहिए। मौके इस मौके पर अंचल अधिकारी, सेल अनिश सीनियर मैनेजर सेल, अभिलाष पति, रेनू कुमारी, तपन कुमार साहू प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी रमेश पाण्डेय,पंचू तिर्की,दिनेश चन्द्र प्रमाणिक एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### रात में सपना देखने के बाद पति ने पत्नी को मार डाला

**बुंडू।** प्रखंड की हुमटा पंचायत के गितिलडीह गांव में एक युवक रात में सपना देखने के बाद अपनी सोनामनी देवी (28वर्ष) का गला दबाकर हत्या कर दी। घटना सोमवार की रात लगभग 11 बजे की है। आरोपी पुश्वा मुंडा के भाई यादव मुंडा ने बताया कि पुश्वा अपने पुत्रों को भी मारना चाहता था। भय से मृतका के तीनों बेटे रोते हुए घर से बाहर भागे। आवाज सुनकर जब पड़ोसी पहुंचे तो पुश्वा ने दरवाजा बंद कर लिया। तीनों बच्चों ने मां की हत्या करने की बात कही, इसके बाद दरवाजा तोड़कर पड़ोसी घर में घुसे तो देखा कि सोनामनी देवी मृत पड़ी है और पुश्वा उसके ऊपर बैठा है। सुबह सूचना मिलने पर बुंडू पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। वहीं आरोपी पुश्वा मुंडा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी के अनुसार रात में सपना देखने के बाद उसने गलती से पत्नी की हत्या कर दी।

# नवरात्र पर श्री श्याम मंदिर में कई कार्यक्रम आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा निर्मित व संचालित हरमू रोड़ के श्री श्याम मंदिर में नवरात्र व श्री रामनवमी के अवसर पर प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हो रहे है। मंदिर के आचार्य संजय पांडे श्री दुर्गा पाठ कर रहे है। सुबह शाम दुर्गा महारानी की आरती होती है, भोग लगाया जाता है एवं प्रसाद वितरण होता है। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि शनिवार को होने वाला श्री श्याम भंडारा इस बार श्री रामनवमी के दिन गुरुवार 30 मार्च को सायं 4 बजे से होगा। एक अप्रैल शनिवार को भंडारा नहीं होगा। 56 वां श्री श्याम भंडारा गुरुवार के लिए वृहद तैयारी की जा रही है। श्री रामनवमी के अवसर पर खाटु नरेश का विशेष उत्सव भी मनाया जायेगा।

## श्री सुन्दर कांड का पाठ हुआ

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड़ के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 28 मार्च को 42 वां श्री सुन्दर कांड-श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ का आयोजन किया गया। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनौली ने हनुमान जी महाराज की अखण्ड ज्योति प्रज्वलित करके केशरिया पेड़ा, चना, गुड़ व फल का भोग लगाया एवं श्री रामचरित मानस ग्रंथ व पाठ वाचको का पूजन वंदन करके आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद पाठ वाचक मनीष शारस्वतः ओम शर्मा व अन्य ने ढोलक, डफली, केसीओ, झांज व खड़ताल की धुन के बीच श्री गणेश वंदना करके श्री सुन्दरकांड व श्री हनुमान चालीसा का पाठ प्रारम्भ किया। मंदिर में उपस्थित सैंकड़ो भगतों ने स्वर में स्वर मिलाकर पाठ किया। भगतजन श्री हनुमान जी महाराज की आराधना में लीन थे। पाठ के बीच में भजनों का गायन भी किया गया। मंदिर परिसर महाबली बजरंगबली की जय जयकारों से गूंज रहा था। सैंकड़ो भगतों ने अखण्ड ज्योति में आहुति देकर सबके लिए खुशहाली की प्रार्थना की। महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया श्रवण ढाढ़निया, श्याम सुन्दर शर्मा, प्रदीप मोदी, रतन शर्मा, सहित अन्य भगतजन उपस्थित थे।

# फॉरेस्ट विजिलेंस ऑफिसर के घर में दिन-दहाड़े की चोरी



**नवीन मेल संवाददाता। नामकुम**
नामकुम थाना क्षेत्र लोवाडीह स्थित विराट नगर में भारत सरकार फॉरेस्ट विजिलेंस ऑफिसर व योगा में नेशनल गोल्ड मेडिलिस्ट के घर में सोमवार के दिन-दहाड़े घर का ताला तोड़कर घर के अंदर आलमारी में लाखों का समान चोरी कर फरार हो गये। फॉरेस्ट ऑफिसर सूचित बनर्जी ने बताया किघर से तीन गोल्ड मेडल, दो सोना के अंगूठी व चैन, मां के अंगूठी व सोने गहने, मूर्ती और विदेशी डॉलर व करीब 50 हजार नगद राशि लेकर ले गए है। उन्होंने बताया कि वह घर में वह अकेले ही रहते हैं, उनके माता-पिता के देहांत बाद से ही वह अकेले ही रहते है। प्रतिदिन की तरह जब वे सोमवार की सुबह करीब 7.30 बजे कार्यालय लालगुटवा के निकले गए थे। जब वह कार्यालय से करीब रात बजे लौटे तो देखा की घर का ताला टुटा हुआ है। घर के अंदर सभी समान बिखरा-पड़ा है। वहीं अलमारी का समान पूरा समान बाहर बिखरा हुआ था, अलमारी के लॉकर अंदर रखे सोने गहने, नगद व गोल्ड सभी समान ले गये। उन्होंने बताया उनका भाई साउथ अफ्रिका व्यपार करता वह है। उन्होंने इस घटना की सूचना तत्काल नामकुम पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस पीसीआर टीम पहुंची और सीसीटीवी फुटेज मांग करने पर कार्रवाई बात कह कर निकल गई।

# पीएनबी बैंक कि ओर से स्ट्रेचर का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। नामकुम**
रामनवमी व इर्द पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन कि ओर से सोमवार को पुलिस लाइन में मार्क ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान पीएनबी बैक कि ओर से पुलिस प्रशासन को कई तरह का निःशुल्क किट का वितरण किया गया। इस दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल द्वारा नामकुम थाना प्रभारी सुनील तिवारी दुर्घटना में प्रयोग करने के लिए स्ट्रेचर प्रदान किया। इस मौके पर ग्रामीण एसपी नौशाद आलम, एएसपी मूमल राजपूरोहित, डीएसपी सहित बैंक के पदाधिकारी मौजूद थे।

### रांची के 1100 स्मार्ट मीटर, बिजली उपभोक्ता करा सकते हैं रीचार्ज

**रांची।** राजधानी में लगाए जा रहे प्री-पेड स्मार्ट मीटर को लेकर जेबीवीएनएल ने उपलब्धि हासिल की है। रांची में पायलट प्रोजेक्ट के तहत लगाए गए 1100 स्मार्ट मीटर प्री-पेड मोड में आ गया है। टेस्टिंग के बाद कंज्यूमरों को इसका मैसेज आना शुरू हो गया है। कंज्यूमर निकट के एटीपी मशीन (जहां बिजली बिल जमा होता है) या फिर गूगल-पे या बीबीपीसी पर जाकर रीचार्ज करा सकते हैं। वहीं, शहर में लगाये जा रहे स्मार्ट मीटर की टेस्टिंग और स्विचिंग का काम तेज कर दिया गया है, ताकि जल्द से जल्द उनकी रीडिंग हो सके।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई- निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/47/2022-23
1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| ग्रुप सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुमला जिलान्तर्गत **भरनो** प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/ पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्ग कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य। | 5,89,63,860.00 | 11,80,000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 2 | गुमला जिलान्तर्गत **सिसई** प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/ पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्ग कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य। | 5,85,42,146.00 | 11,70,900.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 3 | गुमला जिलान्तर्गत **चैनपुर** प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/ पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्ग कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य। | 5,92,89,281.00 | 11,86,000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 4 | गुमला जिलान्तर्गत **रायडीह** प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/ पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्ग कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य। | 5,77,04,046.00 | 11,54,100.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 5 | गुमला जिलान्तर्गत **पालकोट** प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/ पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्ग कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य। | 5,88,78,918.00 | 11,77,600.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 6 | गुमला जिलान्तर्गत **बसिया** प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/ पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्ग कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य। | 5,84,79,916.00 | 11,70,000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 7 | गुमला जिलान्तर्गत **कामडारा** प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/ पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्ग कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य। | 5,90,82,866.00 | 11,81,700.00 | 10000.00 | 12 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 12.04.2016
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 12.04.2023 से दिनांक 25.04.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 28.04.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–
   i) ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला/जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला।
   ii) ग्रामीण विकास विशेष अंचल, राँची/जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
   iii) e-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदी राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान – e-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –29.04.2023 अपराह्न 2:00 बजे
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430377526 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

PR 293749 Rural Development (22-23)_D


### प्रशिक्षण | अरहर की सफल खेती पर दो प्रशिक्षण कार्यक्रमों का समापन

# महिलाओं के रोजगार का एक नया माध्यम




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बीएयू, रांची के निदेशालय अनुसंधान द्वारा संचालित आईसीएआर-अखिल भारतीय समन्वित अरहर अनुसंधान परियोजना के जनजातीय उपपरियोजना के अधीन अरहर की सफल खेती विषय पर आयोजित दो प्रशिक्षण कार्यक्रमों का समापन मंगलवार को हुआ। कार्यक्रम के शुभारंभ में किसानों को संबोधित करते हुए निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह ने कहा कि विश्व में अरहर के क्षेत्रफल व उत्पादन में भारत का पहला स्थान हैं। देश के कुल खरीफ दलहन क्षेत्र में अकेले अरहर का योगदान करीब 34 प्रतिशत योगदान और कुल उत्पादन में झारखण्ड का करीब 6 प्रतिशत मात्र योगदान है। राज्य में सर्वाधिक अरहर की खेती होती है और परती एवं टांड भूमि में काफी संभावनाएं है। विगत वर्षो में प्रदेश में अरहर फसल का रकबा तेजी से बढ़ा है। बीएयू ने भी अरहर की नई उन्नत किस्म बिरसा अरहर-2 विकसित की है। इस उन्नत किस्म की उत्पादन क्षमता 27.5 क्विंटल प्रति हेक्टेयर एवं परिपक्वता अवधि 235-240 दिनों की है। यह विल्ट एवं बोरर रोग प्रतिरोधी किस्म है। अरहर दाल में मौजूद प्रोटीन ग्रामीण क्षेत्रों में कुपोषण को दूर करने में उपयोगी साबित हो सकती है। अरहर या अरहर के साथ सहफसली खेती तथा इसके प्रसंस्करण से बढ़िया लाभ लिया जा सकता है। ग्रामीण महिलाओं के लिए अरहर की खेती रोजगार का नया जरिया और पारिवारिक पोषण सुरक्षा कवच साबित हो सकती है। अध्यक्ष (शस्य विज्ञान) एवं निदेशक (बीज एवं प्रक्षेत्र) डॉ. एस कमार्कार ने अरहर फसल की खेती में स्वस्थ बीज का महत्त्व, खेत की तैयारी, बीजोपचार एवं जैव उर्वरक के प्रयोग, निकाई-गुडाई एवं खरपतवार नियंत्रण के बारे में बताया। उन्होंने प्रदेश में कृषि की विषम परिस्थिति में अरहर के साथ मड़ुआ (रागी), उरद, मक्का, भिंडी एवं हल्दी के साथ सहफसली खेती से सुनिश्चित लाभ लेने की सलाह दी। प्रशिक्षण के दौरान परियोजना अन्वेंषक डॉ. नीरज कुमार ने किसानों को राज्य के उपयुक्त एवं अनुशंसित अरहर फसल प्रजाति की जानकारी दी। उन्होंने कम अवधि (140 दिनों) वाली किस्मों में उपास- 120 एवं पूसा 9-9-2 की विशेषता बताई। लगातार हो रहे मौसम परिवर्त्तन को देखते हुए मध्यम अवधि (180-190 दिनों) वाली किस्मों में बिरसा अरहर-1 एवं आशा की का प्रयोग तथा दीर्घ अवधि (235-240 दिनों) वाली किस्मों में आईपीए- 203 एवं बिरसा अरहर -2 संतुस्त है। गत वर्ष अनगडा प्रखंड के किसानों के कुल 10 हेक्टेयर में कराये गये अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण के प्रदर्शन की सराहना आईसीएआर रिव्यु दल ने भी किया था। जानकारी दी। उपनिदेशक अनुसंधान डॉ सीएस महतो ने खेत में निश्चित दुरी एवं पंक्ति में बीज की बुवाई तथा नत्रजन की अल्प मात्रा तथा स्फुर एवं सल्फर युक्त उर्वरकों की प्रचुर एवं अनुशंषित मात्रा प्रयोग पर जोर दिया।

# विधायक ने स्वास्थ्य मेले का किया शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अमित कुमार यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर प्रमुख रेणु देवी, चिकित्सा प्रभारी डॉ0 रत्ना रानी, जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुदुश अंसारी समेत कई लोग शामिल थे।वहीं मंच का संचालन प्रकाश पंडित ने किया। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा की स्वास्थ्य मेला कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के जनमानस तक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोगों को स्वास्थ्य सुविधा दिलाना है। उन्होंने कहा कि वरीय पदाधिकारियों से बात कर जल्द ही चिकित्सक की कमी को पूरा किया जाएगा एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। स्वास्थ्य मेला में दर्जनों स्टॉल लगाया गया जहां लोगों ने अपने अपने स्वास्थ्य की जांच करते हुए निशुल्क दवाइयां प्राप्त की। कार्यक्रम में बीपीएम रंजीत सिंह, डॉ निशांत बेग, डॉ जसीम, डॉ फातिमा, डॉ अमित भंडारा, डॉ प्रिती प्रिया,भावेश सिंह,विशाल सिंह,अनिवेश कुमार, राकेश सिंह, संजय कुमार, विवेक कुमार, पल्लवी कुमारी,किरण कुमारी, जयंती कुमारी, हीरालाल महतो, इम्तियाज अंसारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद,जिप सदस्य प्रतिनिधि सीके पाण्डेय, दिनेश प्रसाद,भोला राम, मिथलेश भारती, श्रीकांत पाण्डेय,बीरेंद्र मेहता, राजकुमार यादव, मुकेश यादव समेत आदि लोग उपस्थित थे।

## इस्लामाबाद में इफ्तार पार्टी का आयोजन

**बरही ।** भंडारों पंचायत के इस्लामाबाद में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया । जिसमे पंचायत ने कई नमाजी शामिल हुए ।पार्टी का आयोजन मो तैयब अली के जानिब से मस्जिद प्रांगण में आयोजन किया गया था ।जिसमे बतौर मुख्यातिथि अल्प संख्यक कल्याण महा समिति के विस अध्यक्ष मो कैयूम अंसारी सहित सामाजिक कार्यकर्ता पप्पू खान ,सराज अंसारी , रिजवान अंसारी, मो ताहिर, तनवीर अंसारी, मकबूल अंसारी, मुस्लिम अंसारी, अब्दुल कैयूम, अब्दुल हमीद, जहूर मियां आदि शामिल हुए ।

## प्राचीन दुर्गा मंदिर में महासप्तमी पूजा का आयोजन



**रामगढ़।** चैती दुर्गा पूजा को लेकर 28 मार्च को रामगढ़ नगर परिषद के वार्ड नंबर 32 स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर कुरूम में महासप्तमी पूजा का आयोजन किया गया। इस मौके पर पुजारी मिथलेश तिवारी ने माता के 7वें रूवरूप कालरात्रि की पूजा यजमान सीताराम सिंह के हाथो विधि पूर्वक संपन्न करवाया। उन्होंने कहा कि मां दुर्गा के 7वें स्वरूप कालरात्रि को महायोगिनी भी कहा जाता है। श्री तिवारी ने कहा कि माता कालरात्रि की पूजा से रोग का नाश होता है और शत्रुओं पर विजय मिलती है। साथ ही माता कालरात्रि की पूजा से ग्रह बाधा और भय दूर होता है। इसलिए श्रद्धालुओं को माता कालरात्रि की पूजा अर्चना करनी चाहिए। पूजा अर्चना के आयोजन में दीपनारायण सिंह, अमित कुमार सिंह, मुकेश सिंह, पंकज सिंह, रोशन सिंह, बलवंत सिंह, कृष आदि योगदान दे रहे हैं।

## जिला कारा समिति की बैठक



**रामगढ़।** उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला कारा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिला कारा समिति की बैठक के दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा द्वारा उपकारा रामगढ़ में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली गई। इस दौरान उपायुक्त ने उपकारा रामगढ़ में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों सहित अन्य सुरक्षा उपकरणों, स्वास्थ्य उपकरणों, लाइटिंग आदि के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को कारा का संचालन नियामानुसार सुनिश्चित करने एवं इससे संबंधित प्रतिवेदन ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में सचिव डालसा व्यवहार न्यायालय रामगढ़, पुलिस उप अधीक्षक विशेष शाखा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़, कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी सामान्य शाखा, अधीक्षक उपकारा रामगढ़, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, एसएमपीओ सहित अन्य उपस्थित थे।

### 10 अखाड़ाधारियों को हजारीबाग विधायक ने भेंट किया पारंपरिक अस्त्र व लाठी

# बिना शस्त्र के शास्त्र की रक्षा संभव नहीं : जायसवाल



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** हजारीबाग की ऐतिहासिक और इंटरनेशनल रामनवमी को हर्षोल्लास संपन्न करवाने को लेकर सदर विधायक मनीष जायसवाल पूरी तरह गंभीर है । विस सत्र के दौरान भी रामनवमी के अवसर पर डीजे आदि पर लगे प्रतिबंध को प्रमुखता से उठाने का काम किया था। रामभक्तो में जोश भरने के लिए उन्होंने जिले की विभिन्न स्थानो पर पारंपरिक हथियार वितरण अभियान चला रहे है । अभियान के तीसरे दिन बरही के नए दुर्गा मंदिर परिसर में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव की उपस्थिति में दस अखाड़ाधारियों को पारंपरिक हथियार व 210 डंडा भेंट किया। उन्होंने विभिन्न अखाड़ों के पदाधिकारियों से मुलाकात भी किया । रामभक्तों संग बैठक कर वस्तुस्थिति से अवगत हुए । बैठक की अध्यक्षता रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष रमेश ठाकुर व संचालन विहिप जिला सहमंत्री सह पूजा कमिटी अध्यक्ष गुरुदेव गुप्ता ने किया। बैठक में सदर विधायक ने पूर्व विधायक, अपने प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौर को भगवा अंगवस्त्र ओढ़ाकर व माला पहनाकर स्वागत भी किया। रामनवमी की शुभाकामनाएं दिया और पारंपरिक हथियार कला कौशल प्रदर्शन हेतु आमंत्रित भी किया। उन्होंने सभी राम भक्तों से मर्यादित तरीके से श्रीराम जन्मोत्सव मनाने का अपील भी किया। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने संकुचित मानसिकता दिखाई है । परंतु सादर विधायक ने हिंदुत्व का डंका बजाकर सनातन का मान बढ़ाया है । हजारीबाग जिले की रामनवमी पूजा पूरे भारत में प्रसिद्ध है। जिसमे बरही की झांकी का विशेष महत्व होता है ।मौके पर बरही रामनवमी महासमिति अध्यक्ष रमेश ठाकुर, संरक्षक भगवान केशरी, तपेश्वर साव, उपाध्यक्ष कपिल केशरी, महासचिव अमित साहू, कोषाध्यक्ष बलराम केशरी, संगठन मंत्री उदय केशरी, महावीर मण्डल अखाडा अध्यक्ष गुरुदेव गुप्ता, बजरंग अखाडा गया रोड अध्यक्ष राजू निषाद, श्री राम अखाडा बाराटांड अध्यक्ष अनुज रविदास, हनुमान सेना अखाडा अध्यक्ष राजेश केशरी उर्फ मेवालाल, अंजनी अखाडा अध्यक्ष सुनील साहू, महावीर अखाडा धमना अध्यक्ष नरेश गुप्ता, भगवती मंदिर अखाडा अंकित कुमार, हरला बजरंग क्लुब अध्यक्ष विनोद यादव, प्राचीन भगवती मंदिर कोनरा अध्यक्ष विवेक विश्वकर्मा, साधुशरण दास, रितेश गुप्ता, अमित जयसवाल, राजेन्द्र मधेशिया, बिपिन सिन्हा, नंदकिशोर कुमार, राजू निषाद, शिवा निषाद, सुरेंद्र निषाद, टिंकू केशरी, राहुल गुप्ता, बिनोद यादव, अशोक यादव, मनोज उपाध्याय, सिक्की, अनिल कुमार, सचिन, पिंटू आदि उपस्थित रहें।

## डिवाइन स्कूल के दो छात्रों का राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए चयन




**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित सीबीएसई बोर्ड से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल के दो छात्रों का राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में अपने वेट में झारखंड प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।छत्तिसवां राष्ट्रीय सब जुनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप में राजेश कुमार का 21 किलोग्राम कैटेगरी में और पांचवां राष्ट्रीय केडेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में मुकेश कुमार का 51 किलोग्राम कैटेगरी में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयन किया गया है। यह प्रतियोगिता 28 मार्च से 31 मार्च तक राजस्थान में आयोजित किया जाएगा। पूरे झारखंड राज्य में इस वेट कैटेगरी में केवल राजेश कुमार और मुकेश कुमार का चयन हुआ है। इनका चयन होने में ताइक्वांडो प्रशिक्षक गुलाम हसन का मुख्य योगदान रहा है। अपने कड़े प्रशिक्षण से इन बच्चों को इस योग्य बनाया कि ये केवल विद्यालय का ही नहीं बल्कि झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करने योग्य हो गए। विद्यालय निदेशक आई पी भारती ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया।

## केसरवानी वैश्य सभा के महामंत्री को पितृ शोक



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** झारखंड प्रदेश केसरवानी वैश्य सभा के महामंत्री सह बरही के वरिष्ठ समाजसेवी भगवान केसरी के पिता ईश्वर साव केसरी सोमवार को 102 वर्ष में परलोक सिधार गए । वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए है ।उनके पुत्र ने बताया कि वह एक सच्चे दिल इंसान और वरिष्ठ समाजसेवी थे। जो गया रोड पंचायत के पूर्व अध्यक्ष भी रह चुके थे। गाजे बाजे के साथ उनकी अंतिम यात्रा बरही नदी स्थित मुक्तिधाम के लिए मंगलवार की सुबह निकाली गई । जिसमे केसरवानी समाज के साथ बरही के कई प्रबुद्धजन, समाजसेवी और जनप्रतिनिधि शामिल हुए ।उनके निधन की सूचना होते ही अंतिम दर्शन के लिए उनके गया रोड स्थित आवास पर लोगो का भीड़ जुटने लगा।

## रामगढ़ में निकला मंगला जुलूस का आयोजन



**रामगढ़।** रामनवमी को लेकर 28 मार्च को शहर में श्री रामनवमी महासमिति द्वारा विशाल मंगला जुलूस का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या ड्डागवा वस्त्र धारण किये युवा हाथों में अस्त्र शस्त्र लिये शामिल हुए। जुलूस बाजार टांड़ के निकट से आरंभ होकर चट्टी बाजार, झंडा चौक, थाना चौक, सुभाष चौक होते हुए फुटबॉल ग्राउंड के निकट पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस के दौरान युवा जय श्रीराम का नारा लगाते हुए हैरतंगेज कर्तब दिखाते बढ़ रहे थे। जिससे जुलूस का स्वरूप भव्य लग रहा था। वहीं, जुलूस के दौरान पुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। एसडीपीओ किशोर कुमार रजक स्वयं सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी कर रहे थे। मंगला जुलूस में विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे, अनमोल सिंह, प्रो संजय सिंह, राजेश ठाकुर रविंद्र शर्मा सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

## ओलंपियाड परीक्षा में सूरज ने राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त कर बढ़ाया क्षेत्र का मान




**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** झारखंड शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद रांची द्वारा आयोजित झारखंड ओलंपियाड परीक्षा 2022 के राज्यस्तरीय परिणाम में सूरज कुमार ने अंग्रेजी विषय में राज्य में तीसरा स्थान हासिल करते हुए ब्रांच पदक प्राप्त किया है।विदित हो कि सूरज प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय गयपहाड़ी के वर्ग सात का छात्र है ।इनके पिता निरंजन प्रसाद इसी विद्यालय में सरकारी शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं तथा मां दुलारी देवी ग्रहणी हैं। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक राम कृष्ण प्रसाद ने बताया कि दिनांक 27 मार्च को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने परीक्षा के सभी टॉपर को प्रोजेक्ट भवन रांची में पुरस्कृत किया जिसमें सूरज कुमार भी शामिल रहे। इनकी सफलता पर बीईओ किशोर कुमार ,अजप्ता प्रखंड अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद, शिक्षक विनय प्रसाद ,रामकिशुन महतों, यमुना साव, राजेंद्र प्रसाद समेत प्रखंड के दर्जनों शिक्षकों ने इस सफलता पर सूरज को बधाई दी।

## बरही, करियायतपुर और बरसोत में उपलब्ध होगी स्वास्थ्य सेवाएं

**बरही ।** रामनवमी के मद्देनजर अनुमंडल स्वास्थ्य अस्पताल प्रबंधन ने बरही चौक, करियातपुर, बरसोत और अस्पताल के लिए चिकित्सको और स्वास्थ्यकर्मियों का रोस्टर सूची जारी कर दिया है ।उक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने दी है । जारी सूची के आधार पर 30 तारीख को अनुमंडलीय अस्पताल में सुबह 9 से 3 बजे तक डॉ मेराजूल और डॉ एजाज, 3 बजे से रात्रि 9 बजे तक डॉ मनितोष और रात्रि 9 से अगले दिन सुबह 9 बजे तक डॉ अर्जुन सोरेन और डॉ सारिक वही 31 तारीख को भी 9 से 3 का रोस्टर ड्यूटी वही रहेगा जबकि 3 बजे से अगले दिन प्रातः 9 बजे तक डॉ इंद्रजीत कुमार ड्यूटी संभालेंगे । वही बरही चौक पर 30 और 31 दोनो को जुलूस निकलने से समाप्ति तक डॉ अमन प्रसाद, एमपीडब्ल्यू मृत्युंजय चौरसिया, एंबुलेस चालक मो शमशाद आदि सेवा देंगे ।

# श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ सह संगीतमय कथा में भक्तों की भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड क्षेत्र के गोरहर चौक के समीप आयोजित श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ सह संगीतमय श्रीराम कथा के दूसरे दिन भक्तों से पूरा पंडाल खचाखच भर गया ।वही वैदिक मंत्रोचार के साथ वेदी,स्तंभ व मंडप पूजा किया गया। तत्पश्चात अयोध्या धाम से पधारे यज्ञाचार्य प्रेम प्रकाश शास्त्री व ग्राम बेलकपी के यज्ञाधीष गौतम कुमार पांडेय के द्वारा जलाधिवास, अंधिवास एवं संध्या आरती का आयोजन किया गया। वहीं अयोध्या से आए प्रवचन कर्ता पवन द्विवेदी महाराज एवं वाराणसी से आई कथा वाचिका सपना महेश्वरी के द्वारा रात्रि में राम कथा एवं संगीतमय भजन प्रस्तुत किया गया। इस दौरान पवन द्विवेदी ने कहा कि हम सबों को श्रीराम के आदर्शों को अपनाना चाहिए। यही जीवन का मूल मंत्र है। विदित हो कि यज्ञ कार्यक्रम 26 मार्च से 30 मार्च तक आयोजित है। मौके पर समिति के अध्यक्ष रामटहल महतो, सचिव बासुदेव महतो ,मुखिया प्रेमिका कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि छोटन कोल ,प्रकाश पासवान ,रामदेव पासवान, पूरण कुमार, राजेंद्र कुमार समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## श्री अग्रसेन स्कूल में नामांकन शुरू

**रामगढ़।** श्री अग्रसेन स्कूल, भुरकुंडा ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत सत्र 2023-24 के लिए अभिवंचित एवं कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए निःशुल्क नामांकन की घोषणा की है। विद्यालय के प्राचार्य विवेक कुमार प्रधान ने बताया कि जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देशानुसार अभिभावक 15 अप्रैल तक आवेदन जमा कर सकते हैं। अधिनियम के तहत अभिवंचित व कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए स्कूल के प्रवेश कक्षा में 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित है। उन्होंने कहा कि बच्चों का नामांकन पूरी तरह निःशुल्क होगा। प्रत्येक कार्य दिवस को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक अभिभावक स्कूल कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। नामांकन कार्य भी 15 अप्रैल को किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि यदि सीटें खाली रह जाती है, तो वैसी परिस्थिति में 29 अप्रैल तक नामांकन होगा।

## बरकट्ठा में 2022-23 का अनुदान राशि भुगतान नहीं होने पर शिक्षकों का हड़ताल



**बरकट्ठा।** प्रखंड के आदिवासी विकास उच्च विद्यालय शिलाडीह के सभी शिक्षक और कर्मी वर्ष 2022-23 का अनुदान राशि नहीं मिलने के कारण मंगलवार को एकदिवसीय हड़ताल पर रहे । कहा हम लोग के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। झारखंड सरकार के दुर्व्यवहार के कारण झारखंड के हजारों वित्त रहित शिक्षक और कर्मचारी अब आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर हैं। मौके पर प्रधानाध्यापक मुजीब अंसारी, सहायक शिक्षक लक्ष्मण प्रसाद, राम कुमार पांडेय, समसुद्दीन अंसारी, उपेंद्र पांडेय, विनोद कुमार, विष्णु कांत पांडेय, राजकुमार मुर्मू आदेशपाल अनीता बास्के उपस्थित थे।

### ग्रामीणों में हर्ष

### मांदर की थाप पर ग्रामवासियों ने किया जिप उपाध्यक्ष का स्वागत

# बरही में धोबघट मार्ग के लिए हुआ भूमि पूजन



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** आजादी के बाद संभवतः यह पहला मौका था जब दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र स्थित धोबघट मार्ग मरम्मती कार्य हेतु भूमि पूजन हुआ । जिसमे बतौर मुख्यातिथि जिप उपाध्यक्ष सह उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किसुन यादव शामिल हुए । जिनका मांदर की थाप पर ग्रामवासियों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया । विदित हो कि अनुसूचित जन जाति बहुल क्षेत्र तक जाने के लिए समुचित रास्ते नही हैं। जहां पहुंचने के लिए दुर्गम पहाड़ियों से होते हुए नदी नाला पार कर पहुंचना पड़ता है । इसका 90 फीसदी हिस्सा वन क्षेत्र से जुड़ा है । परंतु वन विभाग ने भी अब तक इस और ध्यान नही दिया । इसे लेकर जिप उपाध्यक्ष वन क्षेत्र पदाधिकारी को शिकायत भी किए थे और शीघ्र निर्माण करवाने की मांग किया था । समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने मरम्मती कार्य प्रारंभ करवाया । जिप उपाध्यक्ष ने बताया कि यह उनका पहला चुनावी घोषणा था, जिसे आज सच होते देख मन हर्षित हो रहा है । अब रास्ता के अभाव में किसी भी प्रसूति या बुजुर्ग को ईलाज के लिए मजबूर नही होना पड़ेगा । विकास की किरणे फूट चुकी है जो अग्रसर रहेगा । वह विकास कार्य के लिए संकल्पित है । उन्होंने यह भी बताया कि वह प्रतिदिन अपने बरही स्थित आवास पर प्रातः दस बजे से जनसमस्याओं को सुनते है । साथ ही यथासंभव निदान करवाने का प्रयास भी करते है । ग्राम वासियों ने भी जीप उपाध्यक्ष का आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम में मुखिया सहित उप मुखिया किरण देवी, पसस पारो देवी, वार्ड सदस्य सरस्वती देवी , वरिष्ठ समाजसेवी रामचंद्र यादव आदि सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे ।

## कोइली हनुमान मंदिर में मना श्री राम जन्मोत्सव



**बरही ।** विहिप के केंद्रीय कार्यक्रम के तहत कोइली हनुमान मंदिर में श्री राम जन्मोत्सव मनाया गया । जिसका शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि जिला गौ रक्षा प्रमुख इंद्रदेव गुप्ता व मुख्य वक्ता बजरंग दल सह संयोजक बरही नितेश कुमार आदि ने ओमकार ध्वनि, एकात्मता मंत्र तथा विजय महामंत्र का सामूहिक पाठ से किया। जिला गौ रक्षा ने श्रीराम जन्मोत्सव पर अपना बौद्धिक दिया। अन्य वक्ताओ ने हिन्दू समाज के वर्तमान समस्याओं से अवगत कराया । मौके पर प्रखंड समिति में अप्रशिक्षित, अनुशासनहीन कार्यकताओं के स्थान पर, योग्य प्रशिक्षित कार्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर सभी दायित्वों को शीघ्र ही पूर्ण कर पूर्ण समिति गठित करने का निर्णय लिया गया।

# ईपीएफओ ने पीएफ पर बढ़ाई ब्याज दर




**एजेंसी। नई दिल्ली**


कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) पर ब्याज दरें बढ़ा दी है। ईपीएफओ ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए ईपीएफ पर ब्याज दर 8.15 फीसदी तय की है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह दर 8.10 फीसदी थी। श्रम मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के निर्णय लेने वाले शीर्ष निकाय केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए सदस्यों के ईपीएफ जमा पर वार्षिक 8.15 फीसदी की दर से ब्याज देने का निर्णय लिया है। केंद्रीय श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता वाले सीबीटी के इस फैसले से छह करोड़ से अधिक अंशधारकों को फायदा होगा। मंत्रालय के मुताबिक सीबीटी के निर्णय के बाद वित्त वर्ष 2022-23 के लिए ईपीएफ जमा पर ब्याज दर सहमति के लिए वित्त मंत्रालय के पास मंजूरी के लिए भेजी जाएगी। सरकार की मंजूरी मिलने के बाद 2022-23 के लिए ईपीएफ पर ब्याज ईपीएफओ अंशधारकों के खातों में डाल दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि ईपीएफओ ने मार्च, 2022 में अपने करीब 5 करोड़ अंशधारकों के लिए वित्त वर्ष 2021-22 में ईपीएफ पर ब्याज दर घटाकर 8.10 फीसदी कर दिया था। इससे पहले मार्च, 2020 में वित्त वर्ष 2020-21 के लिए ईपीएफ पर ब्याज दर 8.5 फीसदी था, जबकि वित्त वर्ष 2018-19 के लिए यह दर 8.65 फीसदी थी।

# 106 कोयला खदानों के सातवें दौर की वाणिज्यिक नीलामी आज से

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार कोयला खदानों के सातवें दौर की वाणिज्यिक नीलामी बुधवार को शुरू करेगी। इस नीलामी में 106 कोयला ब्लॉक को रखा जाएगा। इन खदानों के चालू होने से एक लाख लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। कोयला मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। कोयला मंत्रालय के मुताबिक वाणिज्यिक नीलामी पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह होंगे। वो नीलामी की शुरूआत करेंगे। केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस नीलामी में 106 कोयला ब्लॉक रखे जाएंगे। मंत्रालय के मुताबिक अधिकतम क्षमता पर इन कोयला खदानों से सालाना 14,497 करोड़ रुपये का राजस्व अनुमानित है। सरकार को इन खदानों के चालू होने से एक लाख लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। सातवें दौर की नीलामी में शामिल 106 कोयला खदानों में से 95 गैर-कोकिंग कोयला खदान, एक कोकिंग कोयला खदान और 10 लिग्नाइट खदान हैं। नीलामी राजस्व हिस्सेदारी के आधार पर पारदर्शी तरीके से दो चरणों में ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। कोयला मंत्रालय के मुताबिक इस अवसर पर छठे दौर की नीलामी में शामिल 28 कोयला ब्लॉक के लिए समझौते पर हस्ताक्षर भी होंगे। इन 28 कोयला खदानों की अधिकतम उत्पादन क्षमता (पीआरसी) 7.4 करोड़ टन सालाना है।

**खदानों के चालू होने से लोगों मिलेगा रोजगार**



# राष्ट्रपति ने किया यूको बैंक की 50 नई शाखाओं का वर्चुअल उद्घाटन

**एजेंसी। कोलकाता**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को यूको बैंक की 50 नयी शाखाओं का वर्चुअल उद्घाटन किया। श्रीमती मुर्मू यूको बैंक के 80 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि यूको बैंक 1943 में अपनी स्थापना के बाद से बैंकिंग क्षेत्र में अग्रणी और अग्रणी रहा है तथा कृषि, उद्योग, व्यापार, बुनियादी ढांचे और सामाजिक कल्याण जैसे विभिन्न क्षेत्रों को ऋण और वित्तीय सेवाएं प्रदान करके देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। इसके अलावा विभिन्न सरकारी



योजनाओं और पहलों का समर्थन करके राष्ट्र की प्रगति में भी योगदान दिया है। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने यूको बैंक की 50 नयी शाखाओं का वर्चुअल उद्घाटन किया। उन्होंने यूको बैंक की सीएसआर पहल के तहत ओडिशा के रायरंगपुर में श्री अरबिंदो इंटीग्रल एजुकेशन एंड रिसर्च सेंटर के नवीनीकरण की आधारशिला भी रखी। सुश्री मुर्मू ने विश्वास व्यक्त किया कि यूको बैंक आने वाले वर्षों में अपनी विरासत एवं प्रतिष्ठा को बनाए रखेगा तथा परिवर्तन के साथ ही नवाचार को अपनाते हुए अपने मूल मूल्यों और सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्ध रहेगा। उन्होंने कहा, ह्लबैंकों की दो प्रमुख जिम्मेदारियां होती हैं। पहला, उन्हें जनता के धन का संरक्षक बनना होता है और दूसरा वे आज की बचत का उपयोग कल के लिए संपत्ति बनाने के लिए करते हैं।

## होंडा ने लॉन्च किया नया एक्टिवा 125

**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने आज नए ओबीडी2 अनुपालन के अनुरूप नया एक्टिवा 125 लॉन्च करने की घोषणा की जिसकी दिल्ली में शुरूआती एक्स शोरूम कीमत 78920 रुपये है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि एच-स्मार्ट वेरिएन्ट से युक्त ओबीडी 2 वाला एक्टिवा 125 लॉच किया गया है। इस नए मॉडल में आधुनिक तकनीक के द्वारा सुनिश्चित किया है कि उपभोक्ता नए नियमों के अनुसार राइड का सहज उसने कहा कि नया ओबीडी2 कम्प्लायन्ट एक्टिवा 125 होंडा के भरोसेमंद 125 सीसी पीजीएम एफआई इंजन के साथ आता है, जो एन्हान्स्ड स्मार्ट पावर से युक्त है। परिष्कृत, सटीक एवं संवेदनशील एन्हान्स्ड स्मार्ट पावर भारत को विश्वस्तरीय मानकों के समकक्ष लेकर आती है। यह इंजन के लिए परफोर्मेन्स एक्सेलरेटर टेक्नोलॉजी प्रभावी कम्बशन को अधिकतम और फ्रिक्शन को कम कर एनर्जी आउटपुट को अनुकूलित करती है तथा साइलेन्ट स्टार्ट के साथ इंजन को पर्यावरण के अनुकूल बनाती है।

## अदानी के खिलाफ कस्टम की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने किया खारिज

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने आयातित सामानों के मामले में कथित तौर पर अधिक मूल्यांकन के मामले में अदानी पावर महाराष्ट्र लिमिटेड (एपीएमएल), अदानी पावर राजस्थान लिमिटेड (एपीआरएल) और अन्य के खिलाफ सीमा शुल्क विभाग की अपील खारिज कर दी। जस्टिस कृष्णा मुरारी और संजय करोल की पीठ ने सीमा शुल्क विभाग द्वारा एपीएमएल, एपीआरएल और अन्य के खिलाफ दायर अपील को खारिज कर दिया। घटनाक्रम से परिचित वकील के अनुसार, शीर्ष अदालत ने पाया कि एपीएमएल और एपीआरएल की परियोजना लागत या तो समान थी या साथियों/प्रतिस्पर्धियों की कीमत से कम थी। वकील ने कहा कि कीमत केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (सीईआरसी) द्वारा तय किए गए बेंचमार्क प्रति मेगावाट लागत से कम थी और अनुबंध एक ईपीसी अनुबंध था, जो दुनिया भर में बोली लगाने के बाद सबसे कम बोली लगाने वाले को दिया गया था, जिसे अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली (आईसीबी) कहा जाता है। वकील के अनुसार, शीर्ष अदालत ने निर्णायक प्राधिकरण के साथ-साथ अपीलीय न्यायाधिकरण के निष्कर्षों को बरकरार रखा और पुष्टि की कि पूंजीगत वस्तुओं के आयात में कोई अधिक मूल्यांकन नहीं हुआ था। अदानी की कंपनियों ने महाराष्ट्र और राजस्थान में थर्मल पावर परियोजनाओं की स्थापना के लिए आवश्यक सामान आयात किया था। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने मई 2014 में एपीएमएल, एपीआरएल, एमईजीपीटीसीएल और अन्य को कारण बताओ नोटिस (एससीएन) जारी किया था, जिसमें पूंजीगत वस्तुओं के आयात में अधिक मूल्यांकन का आरोप लगाया गया था।

# नए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों के लिए 38 हजार करोड़ रुपये आवंटित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जहां मौजूदा हवाईअड्डों के विकास के लिए लगभग 60,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, वहीं अगले पांच वर्षों में नए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों की स्थापना के लिए लगभग 38,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। हवाईअड्डों का उन्नयन और आधुनिकीकरण एक सतत प्रक्रिया है, जो भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) और अन्य हवाईअड्डा विकासकर्ताओं द्वारा समय-समय पर भूमि की उपलब्धता, वाणिज्यिक व्यवहार्यता, सामाजिक-आर्थिक विचार, यातायात की मांग और सरकार की इच्छा के आधार पर किया जाता है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सोमवार को राज्यसभा को बताया कि एएआई और अन्य हवाईअड्डा डेवलपर्स ने मौजूदा टर्मिनलों के विस्तार और आधुनिकीकरण, नए टर्मिनलों और रनवे के सुदृढ़ीकरण सहित अन्य गतिविधियों के लिए अगले पांच वर्षों



में हवाईअड्डा क्षेत्र में लगभग 98,000 करोड़ रुपये के पूंजी परिव्यय का लक्ष्य रखा है। भारत सरकार ने 45,000 करोड़ रुपये से अधिक की कुल अनुमानित परियोजना लागत पर 21 नए ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों की स्थापना के लिए 'सैद्धांतिक' मंजूरी दे दी है। इनमें से दुगार्पुर, शिर्डी, कन्नूर, पकयोंग, कालाबुरगी, ओरवाकल (कुरनूल), सिंधुदुर्ग, कुशीनगर, ईटानगर, मोपा और शिवमोग्गा सहित 11 ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे चालू हो गए हैं।

## मल्टीवर्सस ओपन बीटा को बंद करेगा वार्नर ब्रदर्स गेम्स

**सैन फ्रांसिस्को।** वीडियो गेम प्रकाशक वार्नर ब्रदर्स गेम्स ने इस साल 25 जून को अपने फ्री-टू-प्ले क्रॉसओवर फाइटिंग गेम मल्टीवर्सस को बंद करने की घोषणा की है, जो ओपन बीटा में था। कंपनी ने कहा कि वह अपडेट को रोक देगी और गेम को ऑफलाइन ले जाएगी क्योंकि यह मल्टीवर्सस के लॉन्च की तैयारी कर रही है, जिसे 2024 की शुरूआत में लक्षित किया गया है। मल्टीवर्सस डेवलपर प्लेयर फर्स्ट गेम्स के सीईओ और सह-संस्थापक टोनी ह्यून्ह ने एक ब्लॉग पोस्ट में कहा, हम 25 जून, 2023 को मल्टीवर्सस ओपन बीटा को बंद कर देंगे। इस प्रक्रिया के हिस्से के रूप में, हम अपडेट को रोक देंगे और गेम को ऑफलाइन ले लेंगे क्योंकि हम मल्टीवर्सस के लॉन्च की तैयारी कर रहे हैं, जिसे हम 2024 की शुरूआत में लक्षित करेंगे। उन्होंने कहा, इस डाउनटाइम के दौरान, सभी ऑनलाइन मोड और सुविधाएं अनुपलब्ध रहेंगी।

# उतार-चढ़ाव के बीच शेयर बाजार में आई गिरावट

**एजेंसी। मुंबई**

उतार-चढ़ाव के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 40 अंक से अधिक के नुकसान में रहा। वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुख के बीच आईटी तथा वाहन शेयरों में बिकवाली से जो नुकसान हुआ, बैंक तथा पेट्रोलियम कंपनियों के शेयरों में तेजी ने उसकी भरपाई कर दी। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 40.14 अंक यानी 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,613.72 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक मजबूत खुला और एक समय 295.59 अंक तक चढ़ गया था। लेकिन बाजार इस बढ़त को बरकरार नहीं रख पाया. सेंसेक्स के 19 शेयर नुकसान में जबकि 11 लाभ में रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 34 अंक यानी 0.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,951.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 17,061.75 से 16,913.75 अंक के दायरे में रहा। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 32 नुकसान में जबकि 17 लाभ में रहे। एक का भाव यथावत रहा। सेंसेक्स के शेयरों में टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, भारती एयरटेल, विप्रो, बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा तथा अल्ट्राटेक सीमेंट प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में इंडसइंड बैंक, पावरग्रिड, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी और टाटा स्टील शामिल हैं।

**NEWS इन ब्रीफ**

## मेक्सिको प्रवासी सेंटर में लगी भीषण आग 37 लोगों की मौत

मेक्सिको सिटी। अमेरिकी सीमा के पास मेक्सिको के शहर स्यूदाद जुआरेज में एक प्रवासी सेंटर में आग लग गई। जिसमे कम से कम 37 लोगों की मौत हो गई और करीब 100 अन्य घायल हो गए। चिहुआहुआ स्टेट के एक बयान का हवाला देते हुए, सीएनएन ने कहा कि आग मेक्सिको और अमेरिका को जोड़ने वाले स्टैंटन-लेडरे ब्रिज के पास स्थित राष्ट्रीय प्रवासन संस्थान (आईएनएम) के कार्यालय में लगी। यह घटना सोमवार देर रात करीब 71 प्रवासियों को सेंटर में लाए जाने के कुछ ही देर बाद हुई। आग लगने के कारणों या पीड़ितों की राष्ट्रीयता का अभी पता नहीं चल पाया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, एल पासो टेक्सास से रियो ग्रांडे नदी के पार स्थित मैक्सिकन शहर स्यूदाद जुआरेज ने हाल के हफ्तों में लोगों की आगमन देखा है।

# यूक्रेन को मिले जर्मनी के 18 लेपर्ड टैंक



**एजेंसी। कीव**

रूस से जंग लड़ने में मदद के लिए जर्मनी ने लेपर्ड 2 टैंक का पहला बैच यूक्रेन भेज दिया है। जर्मनी के डिफेंस मिनिस्टर बोरिस पिस्टोरियस ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि ये 18 बैटल टैंक्स जंग में यूक्रेन के लिए ये अहम भूमिका निभाएंगे।' अभी तक यूक्रेन ने लेपर्ड 2 टैंक पहुंचने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। हालांकि, ये कंफर्म जरूर किया है कि उन्हें टैंक्स मिल गए हैं। काफी बहस और दबाव के बाद जर्मनी ने जनवरी में लेपर्ड 2 टैंक यूक्रेन को देने के लिए हामी भरी थी। डिफेंस मिनिस्टर बोरिस पिस्टोरियस ने कहा कि हमने यूक्रेन को समय पर लेपर्ड 2 टैंक की डिलीवर कर अपना वादा निभाया है। जर्मनी ने लेपर्ड टैंक के अलावा 2 टैंक रिकवरी व्हीकल और 40 इन्फैंट्री फाइटिंग व्हीकल यानी टैंक को जंग के मैदान तक पहुंचाने वाले वाहन भी यूक्रेन भेजे हैं। लेपर्ड 2 टैंक को चलाने के लिए जर्मनी ने यूक्रेन के सैनिकों को लगभग डेढ़ महीने की ट्रेनिंग भी दी है। बीबीसी के मुताबिक लेपर्ड टैंक को खासतौर पर रूस के टी90 बैटल टैंक से मुकाबले के लिए बनाया गया है।

**विदेश**

# अमेरिकी स्कूल में गोलीबारी, 6 की मौत

**एजेंसी। नैशविल**

अमेरिका के नैशविले में एक स्कूल में हुई फायरिंग में 3 छात्रों समेत 6 लोगों की मौत हो गई। सुबह 10:30 बजे हमलावर ऑड्री हेल ने राइफल और हैंडगन से द कोवेनेंअ स्कूल में फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग की सूचना मिलते ही पुलिस स्कूल में पहुंची और 15 मिनट के भीतर ऑड्री को मार गिराया। वह 2 राइफल और एक हैंडगन लेकर स्कूल पहुंची थी। पुलिस ने बताया कि 28 साल की ऑड्री इसी स्कूल की स्टूडेंट थी। वह ट्रांसजेंडर थी और सोशल मीडिया पर खुद की पहचान पुरुष बताती थी। हमले की वजह के सवाल पर नैशविले पुलिस के प्रवक्ता डॉन अरोन ने कहा- ऑड्री इस बात से नाराज थी कि उसे जबरदस्ती एक क्रिश्चियन स्कूल भेज दिया गया था। तीनों मृतक बच्चे 9 साल के थे। उनमें से एक स्कूल के चर्च के पादरी चैड स्क्रग्स की बच्ची हैली स्क्रग्स थी। दो अन्य बच्चों की पहचान एवलिन डिकॉस और विलियन किन्नी के तौर पर हुई है। मरने वाले तीन सीनियर लोगों में एक सब्स्टीट्यूट टीचर सिंथिया पीक (61), स्कूल कस्टोडियल माइक हिल (61) और कोवेनेंट हेड कैथरीन कूंस (60) शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि ऑड्री हेल ट्रांसजेंडर थी। वह महिला के तौर पर पैदा हुई, लेकिन उसके लिंक्डइन प्रोफाइल के मुताबिक वह खुद को पुरूष के तौर पर आइडेंटिफाई करती थी और पुरूष की तरह रह रही थी।

## लोकतंत्र शिखर सम्मेलन में ताइवान को बुलाने से भड़का चीन

**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिकी पहल पर हो रहे लोकतंत्र शिखर सम्मेलन (समिट ऑफ डेमोक्रेसीज) में ताइवान को बुलाने से चीन भड़क उठा है। इस सम्मेलन में दुनिया भर के 121 देशों को आमंत्रित किया गया है, लेकिन रूस और चीन को न्योता नहीं मिला है। अमेरिका की पहल मंगलवार से तीन दिन का लोकतंत्र शिखर सम्मेलन शुरू हो रहा है। इस सम्मेलन में अमेरिका के साथ दक्षिण कोरिया, जाम्बिया, कोस्टारिका और नीदरलैंड सह-मेजबान की भूमिका में हैं। दिसंबर 2021 में हुए पहले शिखर सम्मेलन में 113 देशों ने हिस्सा लिया था। इस बार इसमें 121 देश आमंत्रित किये गए हैं। सम्मेलन को ज्यादातर आमंत्रित नेता वर्चुअल (ऑनलाइन) माध्यम से संबोधित करेंगे। इस सम्मेलन को लेकर चीन का गुस्सा मुखर होकर सामने आया है। दरअसल, सम्मेलन में चीन और रूस को तो आमंत्रित ही नहीं किया गया है, बल्कि ताइवान को बुलाया गया है। चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और ताइवान के मसले पर अमेरिका के साथ चीन का मतभेद जगजाहिर है। अब चीन ने इस आयोजन को ही कठघरे में खड़ाकर आरोप लगाया है कि इस आयोजन के जरिए अमेरिका दुनिया में विभाजन को चौड़ा कर रहा है। माना जा रहा है कि चीन को तानाशाह देश बता कर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, चीन और उसके साथी देशों को घेरने की रणनीति के तहत इस शिखर सम्मेलन का आयोजन कर रहे हैं।

## पेज एक के शेष

### अतीक अहमद को...

जगह बताई। पहली बार अतीक के चेहरे पर सरकार और कानून का डर दिखा। देश और प्रदेश की जनता ने यह भी देखा कि अभियोजन और पुलिस का बेहतर समन्वय हो और कोर्ट में प्रभावी पैरवी की जाए तो बड़े से बड़े अपराधी को अपने गुनाहों का हिसाब देना पड़ता है और उसे उसकी सही जगह यानी जेल जाना ही पड़ता है। 17 साल पुराने मामले में अतीक समेत कुल 11 को आरोपी बनाया गया था। इसमें से एक आरोपी की मौत हो गई है। मंगलवार की सुबह 2007 के इस मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने सुनवाई शुरू की। कोर्ट रूम के कटघरे में 10 आरोपी खड़े थे। दो बजे के करीब जज दिनेश चंद्र ने अपना फैसला सुनाया। उन्होंने अतीक अहमद, दिनेश पासी और खाना शौलत हनीफ को उम्र कैद की सजा सुनाते हुए एक-एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया। साथ ही अतीक के भाई अशरफ समेत सात आरोपियों को दोष मुक्त करार दिया।

**इस मामले में मिली सजा :** अतीक और उसके दो सहयोगियों को बसपा विधायक राजू पाल की हत्या के गवाह उमेश पाल के अपहरण के मामले में सजा मिली। गवाही बदलवाने के लिए 17 साल पहले 28 फरवरी 2006 को अतीक और उसके गुर्गों ने उमेश पाल का अपहरण कर लिया था। उन्हें अपने दफ्तर ले जाकर टार्चर किया और फिर जबरदस्ती हलफनामा दिलवाकर गवाही बदलवा दी। अतीक के चंगुल से मुक्त होकर उमेश पुलिस के पास गए और मुकदमा दर्ज करवाया। आज कोर्ट ने सुनवाई करते हुए अतीक समेत बाकी दोनों आरोपियों को धारा-364ए/34, धारा-120बी, 147, 323/149, 341,342,504, 506 के सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसी के साथ उमेश के साथ अतीक के गुनाहों का पहला इंसाफ हो गया है।

### कड़ी लड़ाई के...

तैयारी शुरू कर दीजिए अन्यथा चुनाव जीतने के लिए पार्टी को उनके विकल्प पर विचार करना पड़ सकता है। संसदीय दल की बैठक की जानकारी देते हुए केंद्रीय संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी सांसदों को 15 मई से 15 जून यानी एक महीने तक केंद्र सरकार द्वारा 9 साल के कार्यकाल के दौरान चलाई गई योजनाओं का प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात का उदाहरण देते हुए धरती बचाओ, धरती मां पुकार रही है जैसे गैर राजनीतिक कार्यक्रमों से भी सभी सांसदों को जुड़ने का आह्वान किया। मेघवाल ने बताया कि 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस है और 14 अप्रैल को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का जन्मदिन है। पार्टी 6 अप्रैल से लेकर 14 अप्रैल तक के सप्ताह को सामाजिक न्याय सप्ताह के रूप में मनाएगी। संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बैठक के बारे में बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने सभी सांसदों से नई-नई तकनीक से जुड़ने और अपडेट रहने का आह्वान किया। जोशी ने आगे कहा कि अप्रैल में प्रधानमंत्री के मन की बात का 100वां एपिसोड होने जा रहा है, इसको लेकर प्रधानमंत्री ने सांसदों और देश की आम जनता से आह्वान किया है कि अगर उनके इलाके में कुछ विशेष है तो उसके बारे में बताएं।

### राजीव अरुण एक्का...

इनकार कर दिया। ईडी ने विशाल चौधरी के मोबाइल व डायरी से मिले साक्ष्यों के बावत भी पूछा। लेकिन इस संबंध में उन्होंने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। ईडी ने राजीव अरुण एक्का की संपत्ति की भी जांच शुरू कर दी है। ईडी ने उनके व उनके आश्रितों की पूरी संपत्ति का विवरण मांगा है। साथ ही डीओपीटी को दिए गए संपत्ति के विवरण से ईडी को दिए जाने वाले विवरण से मिलान किया जाएगा। ईडी विशाल चौधरी के इंवेस्टमेंट व संपत्ति की भी जांच कर रही है। यह जांचा जा रहा है कि राजीव अरुण एक्का के पद का इस्तेमाल कर विशाल ने संपत्ति अर्जित की या नहीं। ईडी के समक्ष यह बात आयी है कि राजीव अरुण एक्का का इस्तेमाल कर विशाल चौधरी ने कई ठेके भी हासिल किए। रांची जेल में सीसीटीवी लगाने का काम भी विशाल चौधरी की कंपनी को मिला था, ईडी यह जांच कर रही है कि कहीं अपने प्रभाव से राजीव अरुण एक्का ने विशाल को काम तो नहीं दिलवाया।

**पाबंदी**

## ईरान की संसद ने महिलाओं के ड्रेस कोर्ड को लेकर बना एक नया कानून

# ईरान में हिजाब नहीं पहनने पर 49 लाख का जुर्माना

**एजेंसी। तेहरान**

ईरान की संसद ने महिलाओं के ड्रेस कोड को लेकर एक नया कानून बनाया है। इसके तहत अगर वो हिजाब नहीं पहनेंगी तो उन्हें 49 लाख रुपए तक का जुमार्ना देना पड़ सकता है। ईरान के सांसद हुसैनी जलाली ने इसकी पुष्टि की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक जलाली ने कहा है कि जुमार्ने के अलावा महिलाओं ने अगर नए ड्रेस कोड का पालन नहीं किया तो उनके पासपोर्ट जब्त कर लिए जाएंगे और उनके इंटरनेट इस्तेमाल करने पर भी पाबंदी लगा दी जाएगी। ईरान में पिछले 6 महीनों से हिजाब के विरोध में प्रदर्शन करने वाले लोगों के लिए ये नया कानून बड़ा झटका है। वहीं ईरान के एक धर्म गुरू मोहसेन अराकी ने महिलाओं के हिजाब न पहनने की तुलना कोरोना वायरस से कर दी है। उन्होंने कहा, 'हम कोरोना वायरस की तरह हिजाब के खिलाफ चले ट्रेंड को फैलने नहीं देंगे। 'हमारे दुश्मनों का मकसद ईरान की महिलाओं की आजादी को खत्म करना है। क्योंकि एक महिला हिजाब के बिना आजाद नहीं रह सकती है। इससे वो हमेशा दूसरों की हवस के निशाने पर रहेंगी।' पिछले महीने ईरान के एक मौलवी मुहम्मद नबी मौसवीफारद ने सरकार से अपील कर कहा था कि इससे पहले की महिलाएं गर्मियों में बिना कपड़े पहने घर से बाहर आएं सरकार को हिजाब पर कोई सख्त कानून बनाना चाहिए। उन्होंने ये तक कह दिया था कि हिजाब नहीं पहनने वाले लोगों को किसी तरह कोई सुविधा नहीं मिलनी चाहिए। ईरान में इस तरह से हिजाब के समर्थन में अजीब बयान देने वालों की लिस्ट काफी लंबी है। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई के करीबी मोहम्मद मेहदी होसैनी ने कम बारिश होने के पीछे महिलाओं के हिजाब न पहनने को जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंने कहा था कि जो लोग हिजाब नहीं पहन रहे हैं उन्हें कड़ी सजा मिलनी चाहिए।



